वर्ष- 02 अंक- 313
छपरा
29 सितंबर सोमवार 2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live



### आज माँ कालरात्रि का दिन

आज नवरात्रि का सातवां दिन है. सातवां दिन मां कालरात्रि का कहा जाता है. अगर आप भी मां कालरात्रि का पूजन करना चाहते हैं, तो इस विधि से पूजा-अर्चना करें. इससे मन प्रसन्न होगा और मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिए मां आशीर्वाद देंगी. मां महाकाली को बेहद ही दयालु माना जाता है. नवरात्रि में सबसे विशेष दिन सप्तमी का होता है. आज मां कालरात्रि का

## लेह के लोग बोले- हमारी संस्कृति मिटा रहे बाहरी

चार दिन से पर्यटक नहीं आए, हर तरफ डर का माहौल



**लेह,एजेंसी।** बौद्ध भिक्षुओं का शांत शहर लेह इस बार अजीब सा सन्नाटा महसूस कर रहा है। बाजार बंद। सड़क किनारे खाली खड़ीं टैक्सियां। सूनी गलियां और हर 20 मीटर पर खड़े 5 से 7 सुरक्षा जवान।

एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही मैं ऐसी ही एक टैक्सी में बैठ गया। सवारी मिलने से ड्राइवर रिंगजिंग दिल से खुश तो थे, पर उनके चेहरे पर उदासी साफ झलक रही थी। उन्होंने पहली लाइन जो मुझसे कही, वो थी- हमारे लेह को किसकी नजर लग गई। ये कहते ही उनका गला भर आया। मैंने बीते बुधवार को हुई हिंसा के बारे में पूछा तो रिंगजिंग बोले- हम सभी दुखी हैं और गुस्से में भी हैं। पहले भी न जाने कितने आंदोलन हुए, लेकिन यहां कभी गोली नहीं चली। हिंसा क्यों हुई, सब जानते हैं, लेकिन हम जैसे 4 परिवारों ने अपने बच्चों को खो दिया।

## श्रीसीम यौन शोषण केस- चैतन्यानंद आगरा से गिरफ्तार



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** दिल्ली के वसंत कुंज स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट-रिसर्च के हेड स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी को दिल्ली पुलिस ने 27 सितंबर की रात आगरा से गिरफ्तार किया। चैतन्यानंद पर कई छात्राओं के यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगा है।

चैतन्यानंद फरार था और उसकी आखिरी लोकेशन आगरा में मिली थी। दिल्ली पुलिस की कई टीमें लगातार छापेमारी कर रही थी। चैतन्यानंद को वसंत कुंज पुलिस स्टेशन लाया गया है, जहां पूछताछ जारी है।

दिल्ली पुलिस ने चैतन्यानंद के पास से 2 फर्जी विजिटिंग कार्ड बरामद किए हैं। एक कार्ड में उसे संयुक्त राष्ट्र में स्थायी राजदूत और दूसरे में ब्रिक्स संयुक्त आयोग का सदस्य और भारत का विशेष दूत बताया गया है।

मन की बात का 126वां एपिसोड



सागर परिक्रमा करने वाली दो अफसरों की चर्चा

# छठ पूजा-दिवाली का जिक्र, पीएम की त्योहारों में स्वदेशी खरीदने की अपील

● लता मंगेशकर को दी श्रद्धांजलि ● भगत सिंह आज भी युवाओं को प्रेरित करते हैं

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो शो मन की बात के 126वें एपिसोड में फेस्टिव सीजन, आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल पर बात की। पीएम ने कहा- इस बार त्योहारों में स्वदेशी सामान ही खरीदें। ठान लीजिए, हमेशा के लिए, जो देश में तैयार हुआ है, वही खरीदेंगे।

इसके अलावा पीएम ने दशहरा और छठ पर्व पर भी बात की। मोदी ने कहा- भारत सरकार छठ पर्व को यूनेस्को की लिस्ट में शामिल करने पर काम कर रही है। इसके बाद पूरी दुनिया में पर्व की भव्यता फैलेगी।

कार्यक्रम की शुरुआत, भगत सिंह- लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि पीएम ने कहा- आज लता मंगेशकर की जयंती है। भारतीय संस्कृति और संगीत में रूचि रखने वाला कोई भी उनके गीतों को सुनकर अभिभूत हुए बिना नहीं रह सकता। उनके गीतों में वो सब कुछ है जो मानवीय संवेदनाओं को झकझोरता है। मराठी सुगम संगीत की महान हस्ती सुधीर फड़के जी ने सबसे पहले लता दीदी से मेरा परिचय कराया था। मैंने लता दीदी को कहा कि मुझे आपका गाया गाना ज्योति कलश छलके बहुत पसंद है।

अमर शहीद भगत सिंह, हर भारतवासी, विशेषकर देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणापुंज है। निर्भीकता उनके स्वभाव में कूट-कूट कर भरी थी। देश के लिए फांसी के फंदे पर झूलने से पहले भगत सिंह जी ने अंग्रेजों को एक पत्र भी लिखा था। उन्होंने कहा था कि मैं चाहता हूं कि आप मुझे और मेरे साथियों से युद्धबंदी जैसा व्यवहार करें। इसलिए हमारी जान फांसी से नहीं, सीधा गोली मार कर ली जाए। यह उनके अदम्य साहस का प्रमाण है। वोकल फॉर लोकल पर हम ठान लें कि इस बार त्योहार सिर्फ स्वदेशी चीजों से ही मनाएंगे, तो देखिएगा, हमारे उत्सव की रौनक कई गुना बढ़ जाएगी। वोकल फॉर लोकल को खरीदारी का मंत्र बना दीजिए। ठान लीजिए, हमेशा के लिए, जो देश में तैयार हुआ है, वही खरीदेंगे। जिसे देश के लोगों ने बनाया है, वही घर ले जाएंगे। जिसमें देश के किसी नागरिक की मेहनत है, उसी सामान का उपयोग करेंगे।

छठ पर्व पर हमारे पर्व, त्योहार भारत की संस्कृति को जीवंत बनाए रखते हैं। छठ पूजा ऐसा एक पावन पर्व है जो दीवाली के बाद आता है

हैदराबाद में भारी बारिश, कॉलोनियां डूबीं, 1000 लोगों का रेस्क्यू

# महाराष्ट्र के पालघर में बिजली गिरी, 6 घायल; मुंबई समेत 4 जिलों में रेड अलर्ट





**नई दिल्ली / अहमदाबाद, एजेंसी।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने रविवार को महाराष्ट्र के मुंबई, ठाणे, रायगढ़ और पालघर जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। यहां भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। पालघर में देर रात बिजली गिरने की घटना में 6 लोग घायल हो गए। वहीं हैदराबाद में 26 सितंबर को एक दिन में 194.1 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य 38.2 मिमी से 408त्न ज्यादा थी। लगातार बारिश और उस्मान सागर व हिमायत सागर से पानी छोड़े जाने के कारण मूसी नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। आसपास रिहायशी कॉलोनियों में पानी भर गया। 1000 लोगों का रेस्क्यू किया गया। इधर, पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा उत्सव पर भी बारिश का साया मंडरा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, 1 अक्टूबर को बंगाल की खाड़ी में नया लो प्रेशर क्षेत्र बनेगा, जिससे अगले सात दिन तक दक्षिण बंगाल के कई जिलों में बारिश होगी।

### मुंबई में 100 मिमी तक बरसे बदरा, मराठवाड़ा में भी बारिश का कहर

सीएम ने राहत-बचाव की समीक्षा की

सितंबर का महीना खत्म होने वाला है, लेकिन महाराष्ट्र के तमाम जिलों में लौटते मानसून का कहर जारी है। मुंबई और आसपास के जिलों में शनिवार देर रात से मूसलाधार बारिश हो रही है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने रविवार के लिए मुंबई, ठाणे, रायगढ़ और पालघर जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। कई इलाकों में 100 मिमी से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई है। भारी बारिश के कारण ठाणे में एक व्यक्ति नदी में बह गया। **मुंबई में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित** :शनिवार रात आधी रात के बाद मुंबई में तेज बारिश शुरू हुई। शुरुआती घंटों में बारिश की रफ्तार बहुत तेज रही, लेकिन रविवार तड़के इसमें थोड़ी कमी आई। अब शहर के ज्यादातर हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ बीच-बीच में तेज बौछारें पड़ रही हैं।

एक्टर विजय की रैली में भगदड़

# टीवीके नेताओं पर एफआईआर ,पार्टी ने मद्रास हाईकोर्ट पहुंची, कहा- ये हादसा नहीं साजिश है, स्वतंत्र जांच हो

### मरने वालों का आंकड़ा 40 तक पहुंचा





**करूर, तमिलनाडु,एजेंसी।** एक्टर विजय की रैली में भगदड़ में रविवार को मरने वालों का आंकड़ा 40 तक पहुंच गया है। इनमें 16 महिलाएं और 10 बच्चे शामिल हैं। 95 लोग घायल हैं, 51 लोग ICU में भर्ती हैं। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (TVK) के नेताओं के खिलाफ पुलिस FIR दर्ज कर ली है। उधर, पार्टी ने मद्रास हाईकोर्ट में इस मामले की जांच के लिए अपील की है। पार्टी ने कहा कि यह भगदड़ हादसा नहीं, साजिश है। हादसे के बाद गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से मामले को लेकर रिपोर्ट मांगी है। एक्टर विजय ने पार्टी के X हैंडल से एक पोस्ट किया है, जिसमें लिखा- करूर में जो हुआ, उसका दुख बयां करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। मैं मृतकों के परिजन को 20 लाख और घायलों को 2 लाख की मदद देना चाहता हूं। दरअसल, एक्टर विजय ने 2 फरवरी 2024 को टीवीके बनाई।

### जांच आयोग के जरिये सामने आएगी सच्चाई, सख्त कार्रवाई करेंगे , करूर पहुंच कर बोले सीएम स्टालिन



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने करूर भगदड़ को लेकर कहा कि घटना की सच्चाई जांच आयोग के जरिये सामने आएगी। सच्चाई सामने आने के बाद सख्त कार्रवाई जरूर की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी मैं राजनीतिक मकसद से कुछ नहीं कहना चाहता हूं। करूर में शनिवार को तमिलनाडु वेत्री कझगम (टीवीके) प्रमुख और अभिनेता विजय की रैली में भगदड़ मच गई। घटना में 39 लोगों की मौत हो गई। जिसके बाद, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन करूर के लिए रवाना हो गए। चेन्नई से त्रिची पहुंचने के बाद वह सड़क मार्ग से करूर पहुंचे। जहां पर उन्होंने भगदड़ की घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही पीड़ित परिवारों से मुलाकात भी की। **सच्चाई सामने आने पर की जाएगी सख्त कार्रवाई** -इसके अलावा, सीएम सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भी पहुंचे, जहां पर उन्होंने घायलों से मुलाकात की। इस दौरान सीएम स्टालिन ने कहा, जांच आयोग के जरिये सच्चाई सामने आएगी। मैं राजनीतिक मकसद से कुछ नहीं कहना चाहता।

बंगाल में दुर्गा पूजा पांडाल में ट्रंप को बनाया महिषासुर

# पूजा समिति बोली- डॉनल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी को धोखा दिया इसलिए वे राक्षस हैं



**कोलकाता ,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के बहरामपुर में खागड़ा क्रेमेटोरियम घाट दुर्गा पूजा समिति ने दुर्गा पूजा पांडाल में महिषासुर को डॉनल्ड ट्रंप का रूप दिया है। समिति ने बताया कि ट्रंप के रूप को इस वजह से चुना गया है क्योंकि वे मानते हैं कि ट्रंप ने भारत को धोखा दिया है।

समिति ने कहा कि भारत पर लगाए गए टैरिफ को वह एक धोखा मानते हैं। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ट्रंप को अपना मित्र समझते थे। महिषासुर को ट्रंप का रूप देने वाले कलाकार का नाम आसिम पाल है।

**मेयर ने किया अनावरण** -मूर्ति का अनावरण बहरामपुर नगरपालिका के मेयर नारण गोपाल मुखर्जी ने किया। उद्घाटन के बाद से ही मूर्ती को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

दरअसल, ट्रंप ने हाल ही में भारत पर कई टैरिफ लगाया है। इससे भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में टैक्स बढ़ गया है। इस वजह से अमेरिकी बाजार में भारतीय प्रोडक्ट्स की मांग कम हो गई है।



भारत ने नौवीं बार एशिया कप जीता

# पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया, तिलक वर्मा ने नाबाद 69 रन बनाए;कुलदीप को 4 विकेट

**दुबई,एजेंसी।** भारत ने नौवीं बार एशिया कप का खिताब जीत लिया है। तिलक वर्मा की बेहतरीन पारी की बदौलत इंडिया ने फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। रविवार को 147 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम ने 20वें ओवर की चौथी बॉल पर जीत हासिल की। रिंकू सिंह ने चौका लगाकर भारत को जीत दिलाई। तिलक वर्मा 69 रन बनाकर नाबाद लौटे। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने वाली पाकिस्तान की टीम 19.1 ओवर में 146 रन पर ऑलआउट हो गई। कुलदीप यादव ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने 2-2 विकेट लिए। पाकिस्तान से साहिबजादा फरहान ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए।

### जम्मू-कश्मीर- कुपवाड़ा में सेना ने दो आतंकी ढेर किए,घुसैपठ की कोशिश कर रहे थे, 8 दिन में दूसरा एनकाउंटर



**कुपवाड़ा,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में सेना ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया। ये आतंकी LoC पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, शव LoC के बहुत करीब पड़े हैं। सीमा पार से गोलीबारी के खतरे को देखते हुए कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें निकालने का अभियान जारी है। मारे गए आतंकवादियों की पहचान और उनके संगठन की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। पिछले 8 दिनों में सेना और आतंकवादियों के बीच यह दूसरा एनकाउंटर है। इससे पहले 20 सितंबर को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया था। वहीं एसपीओ समेत दो पुलिसकर्मी घायल हुए थे। मुठभेड़ दूदू-बसंतगढ़ और डोडा के भद्रवाह में सोजधार के जंगलों में हुई थी।



# तलाक के लिए 42 फीसदी पुरुषों ने कर्ज लिया

### 67 प्रतिशत ने पैसे को लेकर बहस की बात मानी; यही अंतर तलाक की बड़ी वजह

**मुंबई,एजेंसी।** एक वित्तीय सलाहकार कंपनी के सर्वे में सामने आया कि शादी के बाद 42 प्रतिशत पुरुषों ने तलाक से जुड़े खर्चों के लिए कर्ज लिया। वहीं, 46 प्रतिशत महिलाओं ने सवेतन काम छोड़ दिया या कम कर दिया।

यह सर्वे 'वन फाइनेंस एडवाइजरी कंपनी' ने टियर-I और टियर-II शहरों में 1,258 तलाकशुदा या तलाक के लिए आवेदन कर चुके लोगों पर किया।सर्वे में बताया गया कि 29 प्रतिशत पुरुषों ने गुजारा भत्ता देने के बाद खुद को नकारात्मक निवल मूल्य की स्थिति में पाया। सर्वे के अनुसार, पुरुषों की सालाना आय का 38% हिस्सा भरण-पोषण में चला गया। तलाक से जुड़े खर्चों में 19% महिलाओं ने 5 लाख रुपए से ज्यादा खर्च किए। वहीं, 49 प्रतिशत पुरुषों ने भी इतना ही खर्च किया। 67% ने पैसे को लेकर बहस की बात मानी सर्वे में 67 प्रतिशत लोगों ने माना कि शादी के दौरान उनकी अक्सर पैसों को लेकर बहस होती थी। 43 प्रतिशत ने कहा कि वित्तीय विवाद या असमानता ही उनके तलाक का सीधा कारण बना। शादी के समय 56 प्रतिशत महिलाएं अपने पति से कम कमाती थीं। केवल 2% महिलाएं ही पति से ज्यादा कमाती थीं। पैसे का अंतर तलाक की बड़ी वजह वन फाइनेंस के सह-संस्थापक और सीईओ केवल भानुशाली ने कहा कि शादीशुदा पुरुषों और महिलाओं के बीच वित्तीय असंगति तलाक का बड़ा कारण होती है। अलगाव की लागत तनाव बढ़ाती है और अस्थिरता को जन्म देती है। इसलिए भावनात्मक तैयारी जितनी जरूरी वित्तीय तैयारी भी होती है। विशेषज्ञ बोले- वित्तीय स्थिति पर बात करना जरूरी विशेषज्ञों का कहना है कि शादी से पहले पैसे को लेकर खुलकर बात होनी चाहिए। मौजूदा कर्ज, भविष्य की बचत, दोनों के माता-पिता की जिम्मेदारी, आय की अनिश्चितता और जीवनशैली की अपेक्षाएं पहले ही तय कर लेनी चाहिएं। इससे रिश्ते में पारदर्शिता बनी रहती है और भविष्य में विवाद से बचा जा सकता है।

# मैंने बॉयफ्रेंड की हत्या की है: गर्लफ्रेंड ने पटना पुलिस को कॉल कर कहा-लाश कमरे में है

## सिलबट्टे से सिर कूचा, पानी भरा घड़ा पटका

**पटना, एजेंसी।** पटना में शादीशुदा गर्लफ्रेंड ने सिलबट्टे से कूचकर अपने प्रेमी की हत्या कर दी। इसके बाद पानी भरा मटका लाई और उसपर पटक दिया। मर्डर के बाद वो लाश के पास घंटों बैठी रही।

फिर उसने पटना पुलिस को फोन किया और कहा, मैंने अपने बॉयफ्रेंड का कत्ल कर दिया है। लाश कमरे में पड़ी है।

मृतक की पहचान मुरारी कुमार के रूप में हुई है। वो बंगलुरू में कार चलाता था। 16 सितंबर को वह पटना आया था। आरोपी प्रेमिका का नाम पूजा है। वारदात कंकड़बाग थाना इलाके के चिरैयाटांड़ में टीपीएस कॉलेज के पास की है।



पूजा अपने पति से अलग अपनी बेटी के साथ इसी इलाके में किराए पर रहती थी। पिछले 5 साल से मुरारी कुमार से उसका अफेयर चल रहा था।

मुरारी मोकामा की मोर पश्चिमी पंचायत के वार्ड नंबर चार का रहने वाला था। पूजा गौरीचक की रहने वाली है।

**पूजा बोली- शादी का झांसा दे रहा था:** मौके पर पहुंची पुलिस ने पूजा को अरेस्ट कर लिया है। पूजा का कहना है, मुरारी चार साल से शादी का झांसा दे रहा था। इस दशहरा में ही शादी करने की बात कही थी। शुक्रवार की रात पूछा तो वह बात टालने लगा। इसके बाद झगड़ा हुआ।

जब वह सो गया तो गुस्से में उसके सिर पर सिलबट्टा पटक दिया। इसके बाद लोढ़ा से भी उसके सिर पर कई बार मारा। इसके बाद पानी भरा घड़ा लाई और उसके सिर पर पटक दिया।

**जमीन अपने नाम लिखवाना चाहती थी पूजा: भाई:** मुरारी के भाई मनोज यादव पूर्व वार्ड पार्षद हैं। मनोज ने कहा, मुरारी मसौढ़ी में जमीन खरीदने वाला था। उसने कुछ दिन पहले बहन से एक लाख रुपए मांगे थे। इसे लेकर पूजा और मुरारी में कई दिनों से विवाद चल रहा था। मनोज ने कहा, पूजा ने उसे नींद की गोली देकर सुला दिया और हत्या कर दी। मकान मालिक और अन्य किराएदारों ने कहा कि हमलोग दोनों को समझते थे।

मुरारी कभी-कभी आते थे। पूजा बताती थी कि वह बाहर नौकरी करते हैं। पूजा इस मकान में मई 2024 से रह रही थी। पति छोड़ चुका है।

कंकड़बाग थानेदार अभय कुमार ने बताया कि, टीपीएस कॉलेज के सामने मुरारी कुमार और पूजा कुमारी रह रहे थे। पूजा कुमारी मुरारी पर शादी का दबाव बना रही थी, लेकिन मुरारी तैयार नहीं था। गुस्से में आकर पूजा ने मुरारी कुमार की हत्या कर दी। पूजा को अरेस्ट कर लिया गया है। कमरे में मुरारी और पूजा ही थे। दो बच्चियां दूसरे कमरे में थीं।

# चावल बदलने पर विवाद: ग्राहक-दुकानदार में हाथापाई, मौके पर पहुंची पुलिस

**किशनगंज (बिहार), एजेंसी।** किशनगंज जिले के ठाकुरगंज प्रखंड के सुखानी थाना क्षेत्र के कादोगांव बाजार में चावल बदलने को लेकर ग्राहक और दुकानदार के बीच जमकर बहस और हाथापाई हुई। इस घटना के बाद मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई।

जानकारी के अनुसार, एक ग्राहक ने चावल खरीदने के बाद उसे नापसंद होने पर बदलने की कोशिश की। इसी बात को लेकर ग्राहक और दुकानदार के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो जल्द ही हाथापाई में बदल गई।



विवाद बढ़ता देख, स्थानीय जिम्मेदार लोग और जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों को शांत कराया और आश्वासन दिया कि आपसी बैठक के माध्यम से इस मामले का निपटारा किया जाएगा।

# पति ने पत्नी-बेटी को मारी गोली, फिर खुदकुशी की कोशिश भागलपुर में तीनों भर्ती

## बुलेट महिला के पेट को चीरती हुई बेटी के सीने में फंसी

भागलपुर, एजेंसी। एक पति ने अपनी पत्नी और बेटी को गोली मार दी। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। हमले के बाद उसने खुद की भी जान लेने की कोशिश की। अपने पेट पर चाकू से वार किया, जिसमें वो घायल हो गया है। तीनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि पति ने पत्नी के पेट में गोली मारी, जो उसे चीरते हुए पास ही सो रही बेटी के सीने में जा फंसी है।

घटना शनिवार देर रात गोराडीह थाना क्षेत्र के बदलूचक गांव में हुई है। गोली मारने का कारण स्पष्ट नहीं है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि पति को शक था कि पत्नी का किसी से अफेयर है।

### पुलिस कस्टडी में आरोपी का इलाज

घायलों की पहचान बदलूचक निवासी मोहम्मद मजहर, उसकी पत्नी अफरोज (38) और बेटी शकीला (15) के तौर पर हुई है।

महिला की गंभीर हालत को देखते प्राइवेट नर्सिंग होम में एडमिट कराया गया है, जबकि बेटी का जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल (मायागंज) में इलाज चल रहा है। सीने में गोली फंसी हुई है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मोहम्मद अजहर ने खुद को चाकू मारकर घायल कर लिया। उसे



भी इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। जहां पुलिस कस्टडी में उसका इलाज चल रहा है।

### बेटी बोली- पापा ने गोली चलाई

अस्पताल में भर्ती बेटी ने बताया कि मैं सो रही थी, तभी अचानक अब्बा ने गोली चलाई। फायरिंग की आवाज सुनकर घर के अन्य सदस्य और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पिता विक्षिप्त हैं, लेकिन गोली मारने का कारण उसे नहीं पता।

### आरोपी बोला- गुस्से में गोली मार दी

अस्पताल में भर्ती आरोपी पति ने कहा, मैं गुस्से में था, इसलिए गोली चला दी। हथियार के बारे में बताया कि पहले से मेरे पास एक गोली और बंदूक थी। हालांकि वो गुस्से में क्यों था और हथियार कहां से लाया, इसे लेकर उसने कुछ नहीं बताया।

साथ ही कहा, गोली चलाने के बाद भीड़ जुट गई, इसलिए जमीन पर गिरा चाकू मैंने अपने पेट में घोंप लिया। परिवारों के सदस्यों ने जानकारी के अनुसार आरोपी मजहर सनकी था। हमेशा घर में नशे मे मारपीट करता था।

### पति ने पत्नी-बेटी को गोली मारी: डीएसपी

मामले की जानकारी मिलते ही गोराडीह थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि छानबीन शुरू कर दी गई है। आरोपी को पुलिस हिरासत में लेकर इलाज के लिए भेजा गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# गयाजी से दिल्ली-मुंबई तक सफर आसान

## दिवाली और छठ पूजा में 8 नई स्पेशल ट्रेन चलेगी, रेलवे जारी किया शेड्यूल

**गया, एजेंसी।** दीपावली और छठ महापर्व पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने बड़ा फैसला लिया है। इस बार यात्रियों की सुविधा के लिए गयाजी समेत बिहार से गुजरने वाली 8 जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा।

साथ ही गयाजी से आनंद विहार जाने वाली ट्रेनों की अवधि भी बढ़ा दी गई है। इससे दिल्ली-मुंबई सहित लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

रेलवे ने गया-दिल्ली स्पेशल (03639/03640) चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन गयाजी से 12 अक्टूबर से 30 नवंबर तक हर रविवार, मंगलवार और गुरुवार को चलेगी। दिल्ली से वापसी सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को होगी। ट्रेन रात 10 बजे गयाजी से खुलेगी और दूसरे दिन शाम 5 बजे दिल्ली पहुंचेगी।

**धनबाद-दिल्ली स्पेशल गयाजी के रास्ते चलेगी:** वहीं, दिल्ली से शाम 7 बजे खुलने



वाली ट्रेन अगले दिन सुबह 11:30 बजे गयाजी पहुंचेगी। इसके अलावा धनबाद-दिल्ली स्पेशल (03309/03310) भी गयाजी होकर चलेगी। धनबाद से खुलने वाली यह ट्रेन गयाजी, डीडीयू होते हुए दिल्ली जाएगी। शनिवार और मंगलवार को धनबाद से चलेगी जबकि दिल्ली से रविवार और बुधवार को।

मुंबई से भी कनेक्टिविटी बढ़ाई गई है। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई से आसनसोल एसी स्पेशल (01145/01146) चलाई जाएगी। यह ट्रेन डीडीयू और गयाजी होकर गुजरेगी। सोमवार को मुंबई से रवाना होगी और बुधवार को आसनसोल पहुंचेगी। वहीं वापसी यात्रा बुधवार को होगी।

**जयनगर से इतवारी (नागपुर) के लिए भी ट्रेन:** बरौनी-राजकोट स्पेशल (09569/09570) और साबरमती-पटना स्पेशल (09427/09428) का भी परिचालन होगा, जिनका रास्ता गयाजी और डीडीयू से होकर है। वहीं जयनगर से इतवारी (नागपुर) के लिए भी ट्रेन मिलेगी।

गयाजी-आनंद विहार स्पेशल (02397/02398) की अवधि 30 नवंबर तक बढ़ा दी गई है। यह ट्रेन हर रविवार को गयाजी से और सोमवार को आनंद विहार से चलेगी।

रेलवे का दावा है कि त्योहारों में यात्रियों को टिकट मिलने और समय पर गंतव्य तक पहुंचने में अब परेशानी कम होगी। गयाजी स्टेशन से दिल्ली, मुंबई और कोलकाता की ओर सफर करने वाले यात्रियों के लिए यह सबसे बड़ा तोहफा माना जा रहा है।



# तीन नाबालिग बहनों की मौत : घर से फूल तोड़ने के लिए निकली थी

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में पानी भरे गड्ढे में डूबने से तीन नाबालिग बहनों की मौत हो गई। तीनों फूल तोड़ने के लिए गई थी। मृतकों में दो सगी बहनें साहिका परवीन (12), तमन्ना बानो (8) के अलावा चचेरी बहन साजिदा खातून (10) शामिल हैं। घटना शुक्रवार देर शाम की है। शनिवार शाम मुस्लिम रीति रिवाज से दफन किया गया। मामला जलालगढ़ थाना क्षेत्र के अहिलगांव का है। मृतका के पिता हाफिज समीम ने बताया कि तीनों बहनें शुक्रवार दोपहर घर से घूमने निकली थी। घूमने के दौरान फूल तोड़ने का प्लान बनाया। पानी से भरे गड्ढे में फूल तोड़ने उतर गई। गहराई को नहीं भांप सकी। जिसके चलते तीनों बारी बारी से समाती चली गईं। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर खोजबीन शुरू हुई। खोजबीन के दौरान चप्पल तैरता हुआ नजर आया। जिसके बाद बच्चियों के डूबने का संदेह हुआ। तुरंत मौके पर स्थानीय गोताखोरों को बुलाया गया है। गोताखोरों ने एक-एक करके तीनों शव को बाहर निकाला। मिट्टी कटाई के चलते गड्ढे में पानी भरा था। हादसे की सूचना पर विधायक आफाक आलम, सीओ सबीहुल हसन और थानाध्यक्ष दीपक कुमार मौके पर पहुंचे। शवों पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद लाशों को गांव में दफनाया गया। तीन बहनों के लिए एक साथ तीन कब्रें खोदी गईं। इस घटना से हर किसी की आंखें नम हैं। गांव में मातम का माहौल है।

# सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट की निगरानी करेंगे नोडल अफसर

**पटना, एजेंसी।** आर्थिक अपराध इकाई के एडीजी नैयर हसनैन खान ने शनिवार को गयाजी स्थित मगध रेंज




आईजी कार्यालय में समीक्षा बैठक की। इसमें साइबर अपराध, नशे के कारोबार और अवैध खनन पर चर्चा हुई। एडीजी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि साइबर अपराध पर तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए और जल्द जांच पूरी कर आरोपियों को सजा दिलाई जाए। विधानसभा चुनाव को देखते हुए सोशल मीडिया पर भड़काऊ या प्रतिबंधित पोस्ट पर कड़ी नजर रखी जाएगी। इसके लिए सभी जिलों में नोडल अफसर तैनात किए जाएं और 24 घंटे निगरानी हो। एडीजी ने अफीम की खेती और सूखा नशे पर रोक लगाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने को कहा। साथ ही अवैध खनन और परिवहन पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि साइबर, नशे और अवैध खनन मामलों में फरार अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। आम लोगों को साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूक करने पर भी जोर दिया। बैठक में मगध रेंज के आईजी क्षत्रनील सिंह, गया के एसएसपी आनंद कुमार, सिटी एसपी रामानंद कुमार कौशल आदि मौजूद रहे।

## रेड लाइट एरिया में लड़की की कीमत 15 हजार: बेगूसराय में वेश्यावृत्ति का खुलासा

**बेगूसराय, एजेंसी।** लड़कियों और महिलाओं को बहला-फुसलाकर वेश्यावृत्ति कराने वाले गिरोह का खुलासा हुआ है। बखरी थाने की पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक महिला को भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार तस्कर छोटू यादव उर्फ छोटू कुमार (26) समस्तीपुर जिला के नगर थाना क्षेत्र स्थित काशीपुर लखना चौक का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार छोटू अब तक 12 से अधिक लड़की और विवाहित महिला को अपने जाल में फंसाकर रेड लाइट एरिया में बेच चुका है। एसपी मनीष ने बताया कि शनिवार देर शाम पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। एक व्यक्ति अनजान लड़की को बाहर से बेचने के लिए बखरी लेकर आया है। वह नदैल घाट रेड लाइट एरिया का कई जगह चक्कर लगा रहा है। अधिक रुपए के लिए जगह-जगह मोल भाव कर रहा है। इनपुट के आधार पर डीएसपी कुंदन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम बखरी बाजार पहुंची। एक मिठाई दुकान से महिला (23) को बरामद कर लिया। वो काफी डरी-सहमी थी। महिला और छोटू से पूछताछ में मानव तस्कर रैकेट का पता चला है। पुलिस की पूछताछ में महिला ने बताया कि पति से बराबर घरेलू मामले को लेकर झगड़ा होता था। इसी से तंग आकर घर से निकल गई, स्टेशन पर पहुंची तो छोटू ने भांप लिया। काम दिलाने का झांसा देकर साथ रख रहा था। शनिवार को बहला-फुसलाकर ले आया और बेचना चाहता है। बखरी में मेला घुमाने के बहाने लाकर जगह-जगह घूम रहा है, इससे एहसास हो गया था कि गलत हो रहा है। मेरा सौदा कर रहा था। मेरे पास पैसे नहीं थे और उसके प्यार में फंस गई थी। घर वापस जाना संभव नहीं लग रहा था। छोटू ने पूरे रैकेट का खुलासा किया है। पूछताछ में बताया कि 6 लोगों का एक गैंग है जो बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन से भटकी हुई और घर से भागी हुई लड़कियों और महिलाओं को तरह-तरह का प्रलोभन देकर देता है। बड़े-बड़े सपने दिखाकर रेड लाइट एरिया में 15 से 30 हजार रुपए में बेच देता है। उसने स्वीकार किया है कि अब तक बखरी, किशनगंज, गुलाबबाग पूर्णिया में 12-13 लड़कियों एवं महिलाओं को बेच चुका है।

# 630 जगह मजिस्ट्रेट और पुलिस अफसरों की तैनाती



**पटना, एजेंसी।** दुर्गापूजा के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर पटना जिले को 8 जोन में बांटा गया है। पटना शहरी क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थानों पर चार क्विक रिस्पांस टीम को तैनात किया गया है। जेपी गंगा पथ सहित सभी मुख्य मार्गों पर विशेष चौकसी बरती जाएगी। बाइकर्स गैंग के विरुद्ध संबंधित एसडीपीओ और थानाध्यक्ष त्वरित कार्रवाई करेंगे।

जिले में 630 स्थानों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम और एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने ज्वाइंट ब्रीफिंग में कहा कि सीसीटीवी कैमरों, वीडियोग्राफी और ड्रोन के माध्यम से भी गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध है। अश्लील या भड़काऊ गाना बजाना प्रतिबंधित है। पूजा पंडालों में भीड़ पर कैमरा से नजर रखी जाएगी।

विसर्जन जुलूस और विसर्जन स्थल पर आतिशबाजी पर रोक है। किसी भी प्रकार की संदेहास्पद सूचना जिला नियंत्रण कक्ष के नंबर 0612-2219810/ 2219234 और आपात नंबर सेवा 112 पर दे सकते हैं।

### राज्यभर में 53 कंपनियों के साथ अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती

दुर्गापूजा को लेकर राज्यभर में 53 कंपनियां तैनाती होंगी। साथ ही 24 हजार प्रशिक्षु सिपाही और होमगार्ड के जवान भी सुरक्षा व्यवस्था में लगाए जाएंगे। पुलिस मुख्यालय के अनुसार इस बार भी राज्यभर में करीब 16 हजार मूर्तियां स्थापित होने की संभावना है। पूजा पंडालों और विसर्जन जुलूसों के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी न हो, इसके लिए कई स्तरों पर तैयारी की गई है। मेला घूमने जाएं तो बच्चों की जेब में मोबाइल नंबर डालें : मेला घूमने, गांधी मैदान में रामलीला देखने और रावणवध देखने जाने वालों के लिए जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है। मूर्ति विसर्जन के लिए कृत्रिम घाट बनाए जा रहे हैं। निजी नावों के परिचालन पर रोक रहेगी। घर से निकलते समय अपने बच्चों की जेब में नाम, पता और मोबाइल नंबर लिखकर अवश्य रखें। मेले में बच्चों का हाथ कभी न छोड़ें।



# मेट्रो रेल सेफ्टी कमिशनर की टीम कल करेगी परिचालन की जांच

**पटना, एजेंसी।** मेट्रो के परिचालन की एक बार फिर सोमवार को जांच होगी। इसके लिए मेट्रो रेल सेफ्टी कमिशनर जनक कुमार गर्ग के नेतृत्व में टीम पटना आ रही है। यह टीम हर तकनीकी प्वाइंट की जांच करेगी। इस दिन मेट्रो ट्रेन का फिर से ट्रायल होगा। इसके बाद उद्घाटन की फाइनल तारीख घोषित होगी।

इससे पहले 16 सितंबर को मेट्रो रेल सेफ्टी कमिशनर के नेतृत्व में टीम ने जांच की थी। इस दौरान पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन और डीएमआरसी को टेक्निकल कमियां दूर करने को कहा गया था। इस पर कितना काम पूरा हुआ है, इसकी जांच के बाद अपनी रिपोर्ट देगी। अबतक एलिवेटेड ट्रैक पर मेट्रो ट्रेन को 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चलाया गया है। पिछले दिनों नगर विकास एवं आवास मंत्री जिवेश कुमार ने सितंबर के अंततक उद्घाटन की बात कही थी।

पटना मेट्रो को 4.50 किमी लंबे ट्रैक पर दौड़ाने की तैयारी चल रही है। इसमें पाटलिपुत्र बस टर्मिनल स्टेशन, जीरो माइल स्टेशन, भूतनाथ स्टेशन शामिल हैं। इसके बाद करीब 2 किमी मेट्रो स्टेशन का परिचालन शुरू होगा। यानी दूसरे चरण में भूतनाथ स्टेशन से मलाही पकड़ी स्टेशन तक मेट्रो चलेगी। अभी खेमनीचक में निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

# गोलीकांड का आरोपी काजू यादव गिरफ्तार

## देसी कट्टा-कारतूस बरामद, पुलिस पर फायरिंग कर भागने की कोशिश नाकाम

**बांका, एजेंसी।** बांका के रजौन पुलिस ने चाय दुकानदार को गोली मारने के मामले में कुख्यात अपराधी काजू यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस के अनुसार, काजू यादव ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस वाहन पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। हालांकि, पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया।

**चाय दुकान पर हुई थी घटना:** यह घटना बीते गुरुवार को टेकनी चौक स्थित एक चाय दुकान पर हुई थी। घुटिया गांव निवासी कुख्यात अपराधी काजू यादव ने श्यामपुर गांव निवासी चाय दुकानदार जय नारायण कुमार को गोली मार दी थी। गोली जय नारायण के दाहिने हाथ की बीच की उंगली में लगी, जिससे वे



गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में जय नारायण को मायागंज अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था।

**पुलिस को देखते ही आरोपी ने की फायरिंग:** घटना के बाद से पुलिस लगातार काजू यादव की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। थानाध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने बताया कि छापेमारी के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी सैदपुर नहर के पास मौजूद है।

**पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को किया गिरफ्तार:** पुलिस दल जब राजावर चौक के पास पहुंचा और सैदपुर नहर की ओर बढ़ा, तो काजू यादव ने पुलिस वाहन को देखते ही फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर उसे खदेड़कर पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। घटनास्थल टेकनी चौक से एक खाली खोखा भी मिला। गिरफ्तार काजू यादव का भागलपुर और बांका जिले के विभिन्न थानों में लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। उस पर कई गंभीर मामले दर्ज हैं। थानाध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने बताया कि काजू यादव के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# वाटर मेट्रो के लिए कोलकाता से आया पहला जहाज, जल्द चलेगा

पटना, एजेंसी। अब पटना में भी लोग मुंबई, गोवा और सिंगापुर की तरह वाटर मेट्रो का आनंद उठा सकेंगे। जल्द ही दीघा घाट से लेकर कंगन घाट तक करीब 21 किलोमीटर में जहाज का परिचालन शुरू होगा। इसको लेकर एक इलेक्ट्रिक जहाज गायघाट जेटी पर पहुंच गया है। एक अन्य जहाज अगले माह आएगा। परियोजना का उद्देश्य आधुनिक टर्मिनल और एकीकृत मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी का उपयोग करके परिवहन को बढ़ावा देना है।

हाल ही में इसको लेकर आईडब्लूएआई और बिहार सरकार के साथ 908 करोड़ की योजना पर करार हुअर था। आईडब्लूएआई के निदेशक अरविंद कुमार ने बताया कि कोलकाता से चला पहला जहाज गायघाट पहुंचा है। अगले माह एक और जहाज आएगा। यह जहाज पूरी तरह से वातानुकूलित है। इसमें 50 चेयर की व्यवस्था है। साथ ही 25 लोग खड़े होकर



भी जा सकते हैं। इस तरह इसमें 75 लोग सफर कर सकते हैं। फिलहाल यह दीघा से लेकर कंगन घाट तक चलेगा। गांधी घाट के पास चार्जिंग प्वाइंट है। जहाज के दोनों साइड शीशा लगा है। जहाज पर सफर करने वाले लोग पानी के जीव जंतु का भी आनंद ले सकते हैं। दैनिक यात्रियों के साथ पर्यटक भी गंगा में यात्रा का आनंद उठा सकेंगे। इस वाटर मेट्रो का परिचालन दीघा घाट, गांधी घाट, गायघाट से कंगन घाट से होगा। इसके लिए फ्लोटिंग जेटी बनेगी। दशहरा से पहले इसका परिचालन होने की उम्मीद है। इसका परिचालन होने से अशोक राजपथ पर जाम से भी निजात मिलेगी।

## नारी स्वस्थ तो परिवार सशक्त : सीग्रीवाल



**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** नारी स्वस्थ तो परिवार सशक्त और समाज भी मजबूत बनेगा.उक्त बातें शनिवार को देर शाम पहुंचे एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविर में बतौर मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने कही.उन्होंने सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना की सराहना करते हुए कहा कि अगर नारी स्वस्थ है, तो परिवार सशक्त होगा और निश्चित हीं हमारा समाज भी मजबूत बनेगा.हालांकि कार्यक्रम के दौरान हालात कुछ ऐसे बने कि सांसद को अपनी नाराजगी जाहिर करनी पड़ी. कार्यक्रम में उपस्थित एक महिला ने मंच से दिए जा रहे संबोधन की आवाज पीछे तक नहीं जाने की शिकायत की. वहीं स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव किट की अनुपलब्धता का मामला भी उजागर हुआ. इन दोनों मुद्दों ने सांसद सिग्रीवाल का ध्यान तुरंत आकर्षित किया और उन्होंने मौके पर हीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. साजन कुमार को फटकार लगा दी.सांसद ने स्पष्ट लहजे में कहा कि जब सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर इतनी संवेदनशील है और विशेष अभियान चला रही है, तब स्वास्थ्य केंद्रों पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने निर्देश दिया कि प्रसव किट समेत सभी आवश्यक सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराए जाएं, ताकि ग्रामीण महिलाओं को किसी तरह की परेशानी न झेलनी पड़े.वहीं सांसद की नाराजगी को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मच गई. कार्यक्रम में मौजूद भाजपा नेताओं ने भी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को दुरुस्त करने पर जोर दिया. स्थानीय लोगों का कहना था कि यह पहला मौका नहीं है जब स्वास्थ्य केंद्र पर मूलभूत सुविधाओं की कमी उजागर हुई है.इस दौरान सांसद ने लोगों से अपील की कि वे नारी स्वास्थ्य को लेकर जागरूक हों और नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविरों का लाभ उठाएं. उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार की हर योजना का लाभ गांव-गांव तक पहुँचाना उनकी प्राथमिकता है. शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएं और स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे. स्वास्थ्य कर्मियों ने मुफ्त जांच और परामर्श दिया. लेकिन सांसद की नाराजगी ने यह स्पष्ट कर दिया कि अब स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही पर किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा.

## जर्जर सड़क का नपं द्वारा मरम्मती कार्य कराया गया शूरू

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी नगर पंचायत के बलिया मोड़ से लेकर बहोरन सिंह के टोला तक लगभग एक किमी की दूरी में टूट टूट कर जर्जर हो चुकी सड़क को चकाचक करने की नगर पंचायत ने पहल शुरू कर दी है। मांझी नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि बिट्टू राय की मौजूदगी में रविवार को गड्ढानुमा सड़क पर रोड़ा मिट्टी आदि डालकर सड़क के समतलीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया। इससे पहले जर्जर सड़क की बदहाली को लेकर हिन्दुस्तान सहित स्थानीय सोशल मीडिया द्वारा खबर को प्रमुखता से प्रकाशित व प्रसारित किया गया था। बताते चलें कि उक्त गड्ढानुमा सड़क पर आए दिन ऑटो व टो टो पलटते रहते थे तथा यात्री व राहगीर जख्मी होते थे। सड़क की मरम्मती शुरू होने के बाद वाहन संचालक व राहगीरों ने नगर पंचायत प्रशासन का आभार जताया है।

## सड़क निर्माण को लेकर पूर्व मंडल अध्यक्ष ने सारण सांसद से लगाई गुहार

**दैनिक खोज खबर/परसा (सारण)।** परसा थाना रोड से भेलदी तक जाने वाली सड़क मार्ग निर्माण व सगुनी लालापुर से खरीदाहा तक सड़क निर्माण को लेकर भाजपा मंडल परसा पश्चिमी के पूर्व अध्यक्ष सह प्रताप छपरा निवासी तूफान कुमार सिंह ने सारण सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी को पत्र लिखकर यथाशीघ्र सड़क निर्माण कराने की मांग की है। तूफान सिंह ने कहा है कि परसा थाना रोड से भगवानपुर,बकसंडा बनकेरवा भावे होते हुए भेलदी को जोड़ने वाली मार्ग की स्थिति काफी दयनीय है।वही इस मार्ग पर बने पुल पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो चुके है। वही सगुनी लालापुर से खरीदाहा तक सड़क की हालात दयनीय है। जिससे यात्रियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सांसद रूढ़ी से सड़क निर्माण हेतु संबंधित अधिकारियों से बात कर यथाशीघ्र कार्य शुरू कराने की मांग की है।

## भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के गठन में कई सक्रिय सदस्यों को मिली जिम्मेवारी



**दैनिक खोज ख़बर/तरैया (सारण)।** भाजपा बिहार प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर सारण जिला के पश्चिमी भाग में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला कमिटी का गठन किया गया है। जिला संयोजक कृष्ण प्रताप कुमार सिंह ने जिलाध्यक्ष बृजमोहन सिंह की सहमति से कमिटी गठन कर एक सूची जारी की है। सूची के अनुसार, अनिल कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह को व्यापार प्रकोष्ठ का जिला प्रभारी बनाया गया है। वहीं तरैया के देवरिया गांव निवासी राजीव रंजन सिंह उर्फ टुलु सिंह को सह संयोजक तथा तरैया गांव निवासी राजू गुप्ता को कोषाध्यक्ष, जबकि भागवतपुर गांव निवासी गोलू पाठक एवं पचभिंडा के रविकांत सिंह बिट्टू को कार्य समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। जबकि भाजपा के कई सक्रिय सदस्यों को कई जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं इन सदस्यों के विभिन्न पदों पर मनोनीत होने पर कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। बधाई देने वालो में सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधायक जनक सिंह, भाजपा नेत्री प्रियंका सिंह, कुंवर सोनू सिंह, संजय सिंह, मेवालाल सहनी, जिला पार्षद सदस्य हरिशंकर सिंह उर्फ हरि सिंह, समेत अन्य लोगों का नाम शामिल हैं।

# इसुआपुर में विधायक जनक सिंह ने किया दर्जनों योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन



**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** तरैया के भाजपा विधायक सह बिहार विधानसभा में सतारूढ़ दल के उप मुख्य सचेतक जनक सिंह ने रविवार को प्रखंड के में दर्जनों योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। शिलान्यास किए जाने वाले सड़कों में टेढ़ा महादलित टोला से प्रेम कुमार के घर एवं अगौथर सुंदर बलुआ तक, डोईला कुम्हैला रोड से महादलित टोला, डीह छपिया मशरक पथ से महादलित टोला तक, डबरा नदी पर डीह छपिया अनुसूचित जाति के उत्तर डुमरी कालीघाट तक, डोईला बेसिक स्कूल से गंगौली सीमा तक, हनुमानगंज डोईला रोड से डोईला पूरब टोला तक, डुमरी डबरा नदी रोड से दलित टोला तक विभिन्न सड़कों का शिलान्यास किया। वहीं डीह छपिया गांव में कला मंच तथा डुमरी छपिया गांव स्थित गंडार पुल के पास महाराणा सांगा यात्री शेड का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में डबल इंजन की सरकार में बिहार का तेजी से विकास हो रहा है। साथ ही कहा कि भाजपा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। वहीं कांग्रेस तथा राजद समाज को बांटने का काम करती है। राजद केवल माय यानी मुस्लिम, यादव समीकरण की बात करती है। वहीं भाजपा एमवाईजीके महिला, युवा, गरीब व किसान के विकास की बात करती है। बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर प्रहार करते हुए कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र राघोपुर की अपेक्षा मैंने अपने विधानसभा तरैया में कई गुना अधिक काम किया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आत्मनिर्भर देश तथा समाज की बात करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामाधार सिंह तथा संचालन सोनू राज सोनू ने किया। सभा को उप प्रमुख प्रतिनिधि डब्लू ओझा, बद्रीनारायण सिंह, शारदानंद सोनी, शिक्षक श्रीकांत सिंह, हरि किशोर सिंह, रामाधार सिंह, शैलेंद्र कुमार बैठा, पल्लू सिंह, राहुल, अमित सिंह, शिक्षक रणजीत सिंह, शम्भू नाथ साह, जय नारायण शर्मा, हीरालाल बैठा व अन्य ने संबोधित किया।

## डुमराव रियासत के वरिष्ठ महाराजा चंद्रविजय सिंह का निधन, डुमरांव और शाहाबाद क्षेत्र में शोक की लहर



पूर्व में आयोजि विभा 2025 के मंच पर डुमरांव महाराजा चंद्रविजय सिंह और सांसद राजीव प्रताप रुडी (File Photo)

### ● चंद्रविजय सिंह के निधन पर सांसद रुडी ने जताया दु:ख, सांगा यात्रा के दौरान उनके घर भी गये थे रुडी

**दैनिक खोज खबर छपरा/पटना।** सारण सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने डुमराव रियासत के महाराजा चंद्रविजय सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। सांसद रूडी ने कहा कि यह उनके लिए व्यक्तिगत रूप से अत्यंत दुःखद क्षण है। महाराज चंद्रविजय सिंह उनके लिए एक अभिभावक तुल्य थे और हमेशा मित्रतापूर्ण व्यवहार एवं स्नेहिल आशीष प्रदान करते रहे।

रुडी ने कहा कि महाराज चंद्रविजय सिंह ने अपने जीवन को जनहित और समाज सेवा के लिए समर्पित किया। वे केवल राजपरिवार के सदस्य नहीं, बल्कि आम लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझने वाले सरल और बेबाक व्यक्तित्व के धनी थे। उनका योगदान और उनका स्नेह हमेशा याद किया जाएगा।

महाराजा चंद्रविजय सिंह अपने पीछे पत्नी कनिका सिंह, पुत्र कुमार शिवांग विजय सिंह, पुत्र समृद्ध विजय सिंह सहित समृद्ध परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन से डुमरांव नगर, शाहाबाद क्षेत्र और समस्त क्षत्रिय समाज में शोक की लहर है। शरीर को दिल्ली से पटना लाने के लिए केंद्रीय मंत्री ज्योजिरादित्य सिंधिया व राजस्थान के झालावाड़ से सांसद व राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया के पुत्र दुष्यंत सिंह के साथ सांसद रूडी ने समन्वय किया। इंडिगो की 2.15 बज के जहाज से उनका पार्थिव शरीर पटना पहुंचा। महाराजा चंद्रविजय सिंह अपनी सरलता, बेबाक छवि और भोजपुरी भाषा के प्रति प्रेम के लिए पूरे जिले में अत्यंत लोकप्रिय थे। उनके जीवन और योगदान को पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा। सांसद ने उनके परिवार और शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।

# तरैया विधायक ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के विभिन्न गांव में रविवार को बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के उपमुख्य सचेतक सह तरैया विधायक जनक सिंह ने मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना समेत अन्य योजनाओं से निर्मित ग्रामीण सड़क, व चबूतरे का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक श्री सिंह ने तरैया के डीह छपिया मसरख पथ से महादलित टोले तक ग्रामीण सड़क, डीह छपिया में डबरा नदी से कालीघाट तक पथ निर्माण, बगही हरखपुर में कन्हैया सीमेंट की दुकान से खदरा नदी तक पथ, डुमरी डबरा नदी से दलित टोला तक पथ, सरेया रत्नाकर नारायणपुर पुल से रामपुर केशव कोईरी टोला तक पथ एवं शाहनेवाजपुर राजधानी से बलुआ मर्दन तक पथ निर्माण का शिलान्यास और उद्घाटन किया। विधायक श्री सिंह ने कहा कि आज तरैया विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं से निर्मित मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना समेत अन्य योजनाओं से निर्मित ग्रामीण सड़क, पथ एवं चबूतरे का शिलान्यास और उद्घाटन किया गया। इससे आमजनों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने एनडीए सरकार द्वारा चहुमुखी विकास की भी चर्चा की और कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने जन कल्याण के कई योजनाओं को मूर्त रुप देकर लोगों के जीवन को सरल बनाया है। बिहार में महिला रोजगार योजना से स्वरोजगार के क्षेत्र में बड़ी क्रांति होगी और बिहार की महिलाएं स्वालंबी बनेगी। मौके पर मंडल अध्यक्ष डॉ मेवालाल सहनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामाधार सिंह, शिक्षक रणजीत सिंह, पीयूष रंजन, सरपंच संघ के प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र सिंह उर्फ रवि सिंह, अमित सिंह, युवा जिला उपाध्यक्ष गुड्डू सिंह कुशवाहा, शैलेंद्र सिंह कुशवाहा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## पोखरेड़ा में बन रहे 52 फिट के रावण का सीओ ने किया निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के पोखरेड़ा बाजार पर चेतना दुर्गा पूजा समिति द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित दुर्गा पूजा में 02 अक्टूबर को दशहरा के दिन रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसके लिए 52 फीट का रावण स्थानीय युवाओं द्वारा तैयार किया जा रहा है। जिसका रविवार को तरैया सीओं पंकज कुमार सिंह ने रावण दहन के स्थल का निरीक्षण किया और पूजा समिति के सदस्यों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ. बी.डी. राय ने बताया कि पूर्व में भी हम लोग रावण दहन का आयोजन कर चुके हैं और अत्यधिक भीड़ होने की वजह से कई वर्षों तक इसे छोड़ दिया गया था लेकिन स्थानीय लोगों की मांग पर इस बार पुनः रावण दहन का आयोजन किया जा रहा है, और इस बार होने वाली अत्यधिक भीड़ को नियंत्रित करने के लिए हमारे गांव के स्थानीय स्वयंसेवक तो रहेंगे ही बाकी पुलिस प्रशासन के सहयोग से इस आयोजन को सफल करने का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर पूजा समिति के सचिव संजय कुमार यादव, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार साह, विनय कुमार सिंह, आशुतोष यादव, शिक्षक सुनील कुमार बबुआ, दिनेश कुमार शर्मा, दरोगा कुमार राम, सुभाष यादव, आलोक यादव, शिक्षक मनोज कुमार, दिनेश यादव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।



## असहनी में डांडिया नृत्य का आयोजन संपन्न

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** असहनी स्थित आराध्या विद्या निकेतन में नवरात्र के अवसर पर डांडिया नृत्य का सफल आयोजन प्रधानाध्यापक देवेंद्र तिवारी के निर्देशन में संपन्न हुआ. प्रधानाध्यापक ने बताया की डांडिया नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा और राक्षस महिषासुर के बीच हुए युद्ध के विजय का प्रतीक है. जिसमें डांडिया की रंगीन छड़ें मां दुर्गा की तलवार का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है. यह नृत्य भक्तजनों द्वारा देवी को प्रसन्न करने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए किया जाता है. डांडिया नृत्य देवी दुर्गा और राक्षस महिषासुर के बीच हुए नौ दिनों के युद्ध को दर्शाता है, जिसमें देवी दुर्गा की जीत हुई थी. भक्तजन नवरात्रि में यह नृत्य करके देवी दुर्गा को प्रसन्न कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करने की कोशिश करते हैं. ऐसी मान्यता है कि डांडिया नृत्य करते समय उत्पन्न होने वाली छड़ियों की आवाज सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है और नकारात्मकता को समाप्त करती है.गरबा और डांडिया दोनों हीं गुजरात के पारंपरिक लोक नृत्य हैं जिनकी उत्पत्ति गुजरात से हुई है.ये नृत्य मुख्य रूप से शारदीय नवरात्रि के दौरान किए जाते हैं, जब देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है. इस नृत्य के सफल संयोजन मे विद्यालय शिक्षिकाअंजलि, सानिया, अर्चना, कंचन,जरीना,राधा और पिंकी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. डांडिया नृत्य मे आराध्या,साक्षी, रागिनी,सोनाक्षी, प्रिया, अंशिका, काव्या,कृषिका, अंशु का प्रदर्शन सराहनीय रहा.विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को धन्यवाद दिया.

## जूनियर बालिका फुटबॉल मैच में अखंड ज्योति फुटबॉल एकेडमी टीम विजयी

### मंगलवार को सीनियर महिला फुटबॉल मैच का होगा आयोजन



**दैनिक खोज खबर/दिघवारा(सारण)।** प्रखंड के मलखाचक गांव में दुर्गा पूजा समिति के तत्वाधान में रविवार को जूनियर बालिका फुटबॉल मैच का आयोजन हुआ।जिसमे अखंड ज्योति फुटबॉल टीम परसा ने छपरा टीम को 2- 0 से हराकर विजेता कप पर कब्जा जमाया।इससे पूर्व मैच का विधिवत उद्घाटन सहकारी विभाग के निबंधक रजनीश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।मैच में सभी खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन दिखाया।काफी रोमांचक मुकाबले में अखंड ज्योति फुटबॉल एकेडमी ने छपरा को 2-0 से हराकर विजेता ट्राफी को अपने नाम कर लिया।विजेता तथा उप विजेता टीम को मुख्य अतिथि रजनीश कुमार सिंह, डॉ अजीत कुमार सिंह तथा अंकेक्षण पदाधिकारी मोहिनी कुमारी ने संयुक्त रूप से ट्राफी प्रदान किया।मैच मुख्य निर्णायक में पूर्व मुखिया सुधीर सिंह,प्रमोद सिंह,मोहम्मद बाबर मौजूद थे।मौके पर मुख्य रूप से प्रद्युमन कुमार सिंह, अनिल सिंह,सतीश सिंह,मुनचुन कुमार सिंह, जित्तू सिंह,विकास सिंह,इंद्रजीत सिंह,योगेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।बता दे की आगामी मंगलवार को इसी मैदान पर सीनियर महिला फुटबॉल मैच का आयोजन होने वाला है।यह मैच मुजफ्फरपुर और सिवान टीम के बीच खेला जाएगा।

## प्रधानमंत्री की मन की बात को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी

दैनिक खोज खबर/मकेर (सारण)। भाजपा मंडल कार्यालय में आज जिला मंत्री निरंजन शर्मा, विश्व सूत्रीअध्यक्ष सह मकेर मंडल अध्यक्ष सुमित कुमार सिंह,ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष संदीप भारती, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुचिंद्र साह समेत तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम 'मन की बात को सुनी। कार्यालय में 'मन की बात के 125वें एपिसोड को सुनने वालों मे ओबीसी मंडल उपाध्यक्ष विजय कुमार, राजकुमार भाजपा सदस्य सूरज कुमार, कृष्णा साह, सरोज कुमार सजन आदि भी शामिल थे। इस मौके पर जिला मंत्री निरंजन शर्मा ने कहा कि वास्तव में यह प्रधानमंत्री मोदी का संवाद सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की धड़कन है, जो नए भारत की आकांक्षाओं और संकल्पों को स्वर देता है। आज की 'मन की बात सुनकर फिर यह विश्वास और भी प्रबल हुआ है कि हमारा देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है।

## सिवान : आज से सिवान होकर जाएगी छपरा-दिल्ली अमृत भारत ट्रेन

**परवेज अख्तर/सिवान।** पूर्वोत्तर रेलवे की पहली अमृत भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ 29 सितंबर को उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी 05133 छपरा-दिल्ली (आनंद बिहार टर्मिनल) उद्घाटन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर करेंगे। इसके अतिरिक्त 29 सितंबर को ही 05587 दरभंगा-मदार (अजमेर) अमृत भारत उद्घाटन विशेष गाड़ी चलाई जाएगी। ये गैर-वातानुकूलित श्रेणी की प्रीमियम ट्रेन हैं। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी गोरखपुर पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 29 सितंबर यानी सोमवार को चलने वाली 05133 छपरा-आनंद बिहार टर्मिनल उद्घाटन विशेष गाड़ी छपरा से 11.00 बजे प्रस्थान कर सिवान से 12.00 बजे, थावे से 12.35 बजे, तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मनकापुर, गोंडा, बाराबंकी, बादशाहनगर, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल तथा दूसरे दिन इटावा से छूटकर आनंद बिहार टर्मिनल 08.00 बजे पहुंचेगी।

## आरपीएफ ने दो किन्नरों पर की कार्रवाई

**सिवान।** आरपीएफ ने रविवार को दो किन्नरों पर कार्रवाई की है। इस मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि रविवार को उच्चाधिकारियो से प्राप्त दिशा निर्देशन के अनुपालन में आपराधिक गतिविधि निगरानी की जा रही थी। इस दौरान जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक पर खड़ी गाड़ी संख्या 15708 अमृतसर कटिहार आम्रपाली एक्सप्रेस के सामान्य कोच में यात्रियों को परेशान कर पैसा मांगते हुए दो किन्नर को पकड़ा गया। गिरफ्तार नगर थाना क्षेत्र के रामनगर आंदर ढाला निवासी राजू व रेमी भारती है।

## दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**सिवान।** दुर्गा पूजा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकस है। पुलिस के आलाधिकारियों द्वारा संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। रविवार की दोपहर सदर एसडीपीओ अजय कुमार सिंह व नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार ने संयुक्त रूप से रूटचार्ट के अनुसार जिला मुख्यालय के सभी पंडालों का निरीक्षण किया। वही दुर्गापूजा को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर फ्लैग मार्च निकाल लोगों से शातिपूर्ण माहौल में पर्व को मनाने की अपील की गई। फ्लैग मार्च जेपी चौक से निकलकर थाना रोड़, शांति वृट, नया किला, अड्डा नंबर दो, बबुनिया मोड़ समेत पूरे थाना क्षेत्र के हर गली मोहल्लों का भ्रमण करते हुए नगर थाना पहुंची। असामाजिक तत्वों एवं उपद्रवियों को सबक सिखाने की नीयत से निकाले गए फ्लैग मार्च में सशस्त्र जवान सड़क पर कतारबद्ध होकर चल रहे थे। एसडीपीओ ने बताया कि दुर्गापूजा को लेकर इलाके के असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर पुलिस की पैनी निगाह है।

## सेवा पखवाड़ा के तहत उपभोक्ता शिकायतों के निवारण व योजनाओं की दी जा रही जानकारी

**सिवान।** बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह के निर्देश पर जिले में सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान दो अक्टूबर तक चलेगा। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता यशवंत कुमार और महाराजगंज प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता प्रभात सिंह ने बताया कि पखवाड़े की शुरुआत ब्लाक स्तर पर उपभोक्ता शिकायत निवारण से हुई। इस दौरान विद्युत बिल, आपूर्ति, नए कनेक्शन, कृषि कनेक्शन, गलत रीडिंग और खराब मीटर से जुड़ी समस्याओं का आन द स्पाट समाधान किया गया। 26 से 28 सितंबर तक प्रचार वाहन के जरिए गांव-गांव जाकर उपभोक्ताओं को मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना की जानकारी दी गई, जिसके तहत सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली मुफ्त मिल रही है। साथ ही, साइबर फ्राड से बचाव के उपाय भी बताए गए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में भी जानकारी दी गई। इस योजना में एक किलोवाट सोलर पैनल पर तीस हजार, दो किलोवाट पर 60 हजार और तीन किलोवाट या उससे अधिक क्षमता वाले पैनल पर 78 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है।

## दशहरा व दुर्गा पूजा को निकला फ्लैग मार्च

**बड़हरिया (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय में रविवार को प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान प्रशासन द्वारा लोगों को दशहरा एवं दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने का संदेश दिया गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व थानाध्यक्ष छोटन कुमार के किया। इस मौके पर काफी संख्या में जवान शामिल थे। फ्लैग मार्च बड़हरिया ,पुरानी बाजार, खानपुर, छक्का टोला, बड़सरा आदि जगहों पर निकाला गया।

## दुकानदार से मारपीट मामले में तीन के विरुद्ध प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट ( सिवान )।** थाना क्षेत्र के पनियाडीह बाजार में 26 सितंबर को रंगदारी देने का विरोध करने के आरोप में कुछ लोगों ने दुकानदार की पिटाई कर दी थी। इस मामले में पीड़ित दुकानदार ओम प्रकाश गुप्ता ने थाना में आवेदन देकर तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। इसमें गणेश सिंह, सुरेंद्र सिंह उर्फ मलखान सिंह और रमेश सिंह को नामजद अभियुक्त बनाया है ।थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है ।

## सड़क दुर्घटना में छह घायल, तीन रेफर

**सिवान।** बसंतपुर थाना क्षेत्र के शहरकोला बाजार के समीप एनएच 227ए पर रविवार की सुबह सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन युवक घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए बसंतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। घायलों में जानकीनगर निवासी राजा कुमार, गुड्डू कुमार व उज्ज्वल कुमार को बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया जबकि अन्य का उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार घायल युवक ट्रैक्टर से जिला मुख्यालय से मूर्ति लेकर लौट रहे थे। शहरकोला के पास वाहन की टक्कर हो गई। चर्चा के अनुसार टक्कर मारने वाले वाहन का चालक भी पहचान का ही निकला और दोनों पक्षों ने पुलिस को आवेदन देने की जगह आपस में समझौता कर लिया।

## पल्स पोलियो उन्मूलन को ले कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**सिवान।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार की की शाम प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. दीपक कुमार की अध्यक्षता में पल्स पोलियो उन्मूलन टीकाकरण हेतु कर्मियों को एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि 12 अक्टूबर से होनेवाले अंतरराष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान हेतु टीकाकर्मियों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि मनोज कुमार एवं रिजाउद्दीन द्वारा दिया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक अरविंद कुमार राय, बीसीएम मधुरेंद्र कुमार, प्रीतम कुमार केशव पाठक समेत दर्जनों स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करना जघन्य अपराध:साहित्यकार संजय कुमार सुमन



**मधेपुरा प्रतिनिधि।** मधेपुरा के आलमनगर एवं किशनगंज में नाबालिग लड़की के साथ चॉकलेट का लालच देकर दुष्कर्म करने की घटना सामने आई है जो काफी निंदनीय है। उक्त बातें साहित्यकार सह नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव संजय कुमार सुमन ने कही।उन्होंने कहा कि नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना करना एक जघन्य अपराध है। इस तरह की घटनायें समाज के लिये बड़ा कलंक है।नारी को दुर्गा, लक्ष्मी, पार्वती आदि शक्ति के रूप में पूजा जाता है। उसी समाज में एक अबोध बालिका के साथ पुरुष घिनौने अपराध करता चला आ रहा है। हमें अपने सामाजिक ढांचे को बदलना होगा। पुरुष को नारी का सम्मान करना सिखाना होगा। पुरुष को अपनी मानसिकता बदलनी होगी। उन्होंने कहा कि भारत जो कभी विश्व गुरु रहा है, जहां नारी पूजन होता रहा और आज भी हो रहा है, वहां दुष्कर्म कलंक की बात है।हमारी बेटियां सुरक्षा व सम्मान की हकदार हैं। बलात्कार की घटनाएं सभ्य समाज के लिए कलंक हैं। ऐसे जघन्य कृत्य की जितनी निंदा की जाए कम है साहित्यकार श्री सुमन ने कहा कि इस तरह की कई घटनाएं लगातार सामने आ रही है।पिछले मई माह में दानापुर थाना क्षेत्र के दियारा से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई,जहां नशे में धुत एक युवक ने 3 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म किया।पिछले पांच साल के आँकड़े बताते हैं कि 18 साल से ज़्यादा उम्र की महिलाओं के साथ बलात्कार के मामलों की तुलना में नाबालिग़ों के साथ बलात्कार की घटनाएं लगातार बढ़ती दिखी हैं।÷बच्चों की सोशल मीडिया तक पहुंच और जिस तरह से वे दोस्त बनाते हैं उससे जुड़े कई तरह के मुद्दे हैं।तथ्य यह है कि हमारे बच्चे बहुत सारी संदिग्ध सामग्री और रिश्तों के संपर्क में आते हैं जो ऑनलाइन शुरू होते हैं और अपमानजनक स्थितियों में बदल जाते हैं।÷उनका ये भी मानना है कि इस तरह के मामलों के बढ़ने के पीछे बच्चों की पॉर्नोग्राफी तक आसान पहुंच भी एक कारण हैं।

उन्होंने कहा कि आज छोटे छोटे बच्चों के पास एंड्रॉयड मोबाइल है।पोर्न देखना आज के समय में इतना खतरनाक हो गया है कि उसका एडिक्शन नहीं रोका जा सकता।बच्चों को अगर किसी चीज के लिए रोका जाए तो बच्चे अब अपने पैरेंट्स और टीचर को ही धमकाते हैं।उन्होंने सभी अभिभावकों से अनुरोध करते हुए कहा कि बच्चों पर उसकी हरकतों पर निगरानी रखें।उन्हें समय-समय पर अपने गाइड करना और मॉनिटरिंग करने की आवश्यकता है।

## रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी की छः सहित मैरवा के सात खिलाड़ियों को मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत मिली सरकारी नौकरी



**दैनिक खोज खबर/मैरवा(सिवान)।** बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी योजना ÷मेडल लाओ नौकरी पाओ÷ के तहत मैरवा प्रखंड स्थित रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी के 6 खिलाड़ियों सहित कुल सात खिलाड़ियों का चयन किया गया है ।इन खिलाड़ियों ने वर्ष 2022 एवं 23 में राष्ट्रीय जूनियर बालिका फुटबॉल चैंपियनशिप एवं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बिहार राज्य को रजत पदक दिलाया था। जिन खिलाड़ियों को मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत नौकरी मिली है उनमें अर्जित कुमार यादव (एथलेटिक्स ),निम्न वर्गीय लिपिक पूर्वी चंपारण,साबरा खातून, निभा कुमारी एवं नीतू कुमारी( निम्न वर्गीय लिपिक) सितामढी जबकि सिंधु कुमारी, श्रुति कुमारी एवं अंजली कुमारी(सभी फुटबॉल)को कार्यालय परिचारी के पद पर हुआ है। रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी के संस्थापक सह निदेशक संजय पाठक ने बताया कि यह एक ऐतिहासिक परिणाम है जिसमें गांव में स्थापित एक खेल अकादमी से निकल कर इतनी अधिक संख्या में खिलाड़ियों की नौकरी खेल कोटा से हुई है। पाठक ने इसके लिए बिहार सरकार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक श्री रविन्द्र शंकरण को धन्यवाद दिया।इन सभी खिलाड़ियों को आई एम ए सिवान के अध्यक्ष डॉ शशि भूषण सिंहा ,सचिव डॉक्टर शरद चौधरी, डॉ राम इकबाल प्रसाद गुप्ता, डॉक्टर रामजी चौधरी, डॉक्टर रिता सिंह डॉक्टर संगीता चौधरी, डॉक्टर अशोक कुमार, डॉ सत्य प्रकाश, डॉक्टर इंद्र मोहन, डॉ आरती रानी पांडेय ,डॉ विनय कुमार पांडेय ,डॉ आशुतोष सिंहा ,डॉ शंकर सिंह, डॉ आर एन ओझा, डॉ राजन कल्याण सिंह, बिहार राज्य फुटबॉल संघ के सचिव इम्तियाज हुसैन, संयोजक असगर हुसैन, सिवान जिला फुटबाल संघ के मखदूम खान ,धर्मनाथ यादव ,मोहम्मद फरीद, रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक राजीव लोचन मिश्रा, मुडियारी पंचायत के मुखिया अजय भास्कर चौहान, बसंत कुमार पाठक, हेमंत कुमार सहित कई अन्य लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## भोजपुरी समाज को नई राह दिखाती है फिल्म 'आपन कहाये वाला के बा' : मनोज भावुक



**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** वरिष्ठ साहित्यकार व अभिनेता मनोज भावुक ने कहा है कि भोजपुरी सिनेमा पर लगे कलंकों को मिटाने और सकारात्मक पहचान दिलाने की क्षमता हाल ही में प्रदर्शित फ़िल्म 'आपन कहाये वाला के बा' में है, जिसका वह स्वयं हिस्सा हैं। जिसके लिए सभी गीतों को उन्होंने खुद लिखा है।मनोज भावुक ने बताया कि यह फ़िल्म पूरी तरह पारिवारिक और सार्थक है, जिसे पूरा परिवार निःसंकोच साथ बैठकर देख सकता है। इसमें न तो अनावश्यक दृश्य हैं और न ही फालतू संवाद। फ़िल्म गीत-संगीत, कथा-पटकथा, अभिनय व निर्देशन के दम पर दर्शकों को बांधने में सफल है। उन्होंने निर्देशक रजनीश मिश्रा और कलाकारों की तारीफ़ करते हुए कहा कि बिना किसी तथाकथित स्टार के भी फ़िल्म सफल हो सकती है, अगर उसकी प्रस्तुति सशक्त हो। इस फ़िल्म के जरिये भोजपुरी समाज को एक नई राह दिखाने और जोड़ने-संवारने का प्रयास किया गया है।श्री भावुक ने कहा कि वे केवल अभिनेता होने के नाते नहीं बल्कि दर्शक के तौर पर भी फ़िल्म देखकर संतुष्ट हैं। उन्होंने भोजपुरी सिनेमा प्रेमियों से अपील की है कि वे फ़िल्म अवश्य देखें और अपनी बेबाक प्रतिक्रिया दें। उधर फिल्म को यूट्यूब लिंक के माध्यम से देखने के बाद शिक्षाविद व पत्रकार के. के. सिंह सेंगर ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि भोजपुरी सिनेमा व समाज में सकारात्मक बदलाव की मिसाल है फिल्म 'आपन कहाये वाला के बा'।

## रैबीज से बचाव के लिए कुत्तों को किया गया टीकाकरण

**सिवान।** पशुपालन विभाग द्वारा कुत्तों में रेबीज रोग की रोकथाम के लिए शहर-ग्रामीण क्षेत्र के 104 पालतू कुत्तों का टीकाकरण रविवार को किया गया। इस रेबीज रोधी टीकाकरण का शुभारंभ राजकीय पशु चिकित्सालय सिवान के प्रागंण में जिला पशुपालन पदाधिकारी डा. अहसनुल होदा एवं पशु शल्य चिकित्सक डा. ज्ञानेंद्र शर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। विभाग द्वारा टीका लगाने को अभियान का रूप दिया गया है। यह टीकाकरण पूरी तरह से निशुल्क था। इस शिविर में डा. विजय कुमार चौधरी, डा. राहुल आनंद एवं डा. गौरव कुमार सिंह के द्वारा शिविर में उपस्थित श्वान (कुत्तों) पालकों एवं पशुपालकों को रेबीज संबंधित जानकारी दी गई। एंटी-रैबीज का टीकाकरण पशु शल्य चिकित्सालय में रविवार को सुबह आठ से पांच बजे तक दिया गया। इसमें करीब दो सौ पालतू कुत्तों को टीका देने का लक्ष्य रखा गया है। जिला पशुपालन पदाधिकारी ने बताया कि एक दिवसीय निःशुल्क रेबीज रोधी टीकाकरण सह जन जागरुकता शिविर का आयोजन राजकीय पशु चिकित्सालय सिवान एवं अनुमंडलीय पशु चिकित्सालय महाराजगंज में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन हेतु जिलांतर्गत दो केंद्र सदर अनुमंडल में राजकीय पशु चिकित्सालय एवं महाराजगंज अनुमंडल में प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय में आयोजित किया गया। रविवार को एक सौ चार कुत्तों को टीकाकरण किया गया। मोबाइल भेटनरी युनिट (एमवीयू) के पशु चिकित्सक डा. संदीप वर्मा एवं डा. विजय कुमार भी उपस्थित रहे।

## असांव : बदमाशों की गोली से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**परवेज अख्तर/सीवान।** असांव थाना क्षेत्र के सिंहपुर में 24 सितंबर की देर शाम तेज गति से बाइक चलाने का विरोध करने पर बदमाशों ने गांव के राहुल साहनी को गोली मारकर घायल कर दिया था। घायल का इलाज गोरखपुर अस्पताल में चल रहा था जहां शनिवार की रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसका शव रविवार की सुबह गांव लाया गया। इस घटना को ले ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों ने रविवार की सुबह दरौली-असांव-रघुनाथपुर मुख्य मार्ग पर तियर मोड़ के समीप सड़क पर शव रख सड़क जाम कर दिया। साथ ही सड़क पर टायर जलाकर प्रदर्शन भी किया। ग्रामीण मृतक के स्वजन को मुआवजा तथा इस घटना में संलिप्त आरोपितों को शीघ्र गिरफ्तार कर सजा दिलाने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना था कि इस मामले में मृतक राहुल साहनी की मां ने 25 सितंबर को असांव थाना में आवेदन देकर आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी कराई थी, लेकिन पुलिस अभी तक के किसी भी आरोपित को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। ग्रमीण प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी कर रहे थे तथा पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नाराजगी व्यक्त की। सड़क जाम सुबह आठ बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक रहा। इस कारण राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता और वे दूसरे रुट से जाते दिखे।

## स्वस्थ्य नारी ही सशक्त परिवार की पहचान

**महाराजगंज (सिवान)** अनुमंडलीय अस्पताल में शनिवार को स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, सिविल सर्जन डा. श्रीनिवास प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 अक्टूबर को इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस दो अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान एक देशव्यापी स्वास्थ्य पहल है। यह अभियान पूरे भारत में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को बेहतर बनाने पर केंद्रित है। पोषण माह के अंतर्गत आयोजित यह माह भर चलने वाला अभियान पोषण के प्रति जागरुकता को समर्पित है। यह अभियान मजबूत परिवारों और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं के स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। सिविल सर्जन ने कहा कि इस अभियान की गतिविधियों का उद्देश्य महिलाओं, किशोर लड़कियों और बच्चों के स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करना है। संचारी और गैर-संचारी रोगों के लिए जांच की सुविधा देना ,पोषण और स्वच्छता पर स्वास्थ्य परामर्श और जागरुकता सत्र आयोजित करना, टीकाकरण और बच्चों के स्वास्थ्य कवरेज को मजबूत करना है।

## निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 500 मरीजों का इलाज

**हसनपुरा (सिवान)।** गोपालपुर नगर पंचायत क्षेत्र के उत्तर हाजी मार्केट परिसर में रविवार को अल-जिलानी आई केयर सह हेल्थ एंड वेलफेयर सोसायटी के नेतृत्व में सर्जन नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. अमजद खान द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन का किया गया। इस दौरान डाक्टर अमजद खान ने बताया कि इस शिविर में करीब 500 से ज्यादा मरीजों का इलाज कर निःशुल्क चश्मा व दवा का वितरण किया गया है। साथ में एकुरेट डायग्नोस्टिक के डाक्टर सौरभ सिंह द्वारा ब्लड, शुगर व बीपी का भी निःशुल्क जांच किया गया जो मोतियाबिंद के मरीज हैं, उनका आपरेशन सिवान स्थित अलजिलानी आई केयर सेंटर में मुफ्त में फेको विधि द्वारा आपरेशन व लेंस लगाया जाएगा। इसमें कुल 60 मरीजों का मोतियाबिंद का आपरेशन के लिए चयनित किया गया है। वहीं नगर पंचायत के चेयरमेन सह चेयरमेन संघ के जिलाध्यक्ष इमाम जाकिर अंसारी ने बताया कि नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. अमजद खान के जन्मदिन के अवसर पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया है जो काफी सराहनीय कार्य है। वहीं पूर्व मुखिया बसरुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि इस जांच शिविर में नगर पंचायत गोपालपुर के अलावा आसपास तथा दूरदराज क्षेत्र के भी मरीज कैंप में पहुंचकर इस निःशुल्क जांच शिविर का लाभ उठा रहे हैं।

